nt>

Title: Need to declare Banda-Bahraich State highway as National Highway and sanction necessary funds for its development. − Laid.

श्री महेन्द्र प्रसाद निाद (फतेहपुर) : अध्यक्ष महोदय, जनपद बांदा से जनपद बहराइच, उत्तर प्रदेश में बांदा-बहराइच राज्य मार्ग है, जो उत्तर प्रदेश के राजमार्गो में अति व्यस्त व महत्वपूर्ण है। चार राट्रीय राजमार्गो को यह राजमार्ग आच्छादित करता है। झांसी से मिर्जापुर राट्रीय राजमार्ग सं0 76 को बांदा में, कानपुर से इलाहाबाद राट्रीय राजमार्ग सं0 - 2 को फतेहपुर में, लखनऊ से रायबरेली राट्रीय राजमार्ग सं0 56 को बछगांवा में, लखनऊ से बनारस राट्रीय राजमार्ग सं0 28 को हैदरगढ़ में, बाराबंकी से बहराइच तक इसी बांदा-बहराइच के अंश भाग मार्ग को राट्रीय राजमार्ग सं0 28 सी. को बौद्ध परिपथ कहा जाता है, जिसे फरवरी वा 2004 में राट्रीय राजमार्ग घोति किया गया। दूसरा सिरा बांदा से 80 किलोमीटर तक राट्रीय राजमार्ग सं0 76 चन्देल कालीन सम्भ्यता से संबंधित जैसे - खजुराहो, महोबा, बेलाताल को जोड़ता है। यही मार्ग झांसी तक जाता है जो स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ा है व उपरोक्त सभी स्थान पर्यटन के केन्द्र हैं।

अतः मैं माननीय सड़क परिवहन और राट्रीय राजमार्ग मंत्री से मांग करता हूं कि बांदा-बहराइच राजमार्ग को स्थानीय जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप यथाशीघ्र इस महत्वपूर्ण मार्ग को राट्रीय राजमार्ग घोति करें एवं आवश्यक धनराशि आबंटित कर राजमार्ग निमार्ण कार्य प्रारंभ कराने का कट प्रदान करें ताकि आम जनजीवन लाभान्वित हो सके।